QS ASIAN UNIVERSITY RANKINGS
ASIA 2026: SOUTHERN ASIA



प्रेरणास्रोत
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
कुलाधिपति एवं मा० राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

# दीक्षोत्सव
## 2026



संरक्षक
**प्रो० विनय कुमार पाठक**
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर




शिक्षा • संस्कृति • नवाचार • समर्पण

**एक उत्सव, अनेक रंग...**




















छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

दीक्षोत्सव 2026

प्रेरणास्रोत
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
कुलाधिपति एवं मा० राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

संरक्षक
प्रो० विनय कुमार पाठक
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

| दिनांक | कार्यक्रम | समय | आयोजनकर्ता | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 जुलाई 2026 | परंपरागत खेल प्रतियोगिता (खो–खो, कबड्डी एवं रस्साकशी) | पूर्वाह्न 9 बजे से | फिजिकल एजूकेशन विभाग | फिजिकल एजूकेशन विभाग/स्टेडियम |
| 01 जुलाई 2026 | चित्रकला, रंगोली एवं स्केचिंग प्रतियोगिता | पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 4 बजे तक | स्कूल आफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स | स्कूल आफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स |
| 03 जुलाई 2026 | महिला सम्मेलन/शैक्षणिक विषयों पर सेमिनार | पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 4 बजे तक | स्कूल आफ आर्ट्स, हयूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस | स्कूल आफ आर्ट्स, हयूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस |
| 04 जुलाई 2026 | भाषण प्रतियोगिता | पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 4 बजे तक | स्कूल आफ टीचर एजूकेशन | सेनानायक तात्या टोपे सीनेट हॉल |
| 06 जुलाई 2026 | एलुमुनाई टॉक | पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 4 बजे तक | समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, समस्त शैक्षणिक संस्थान/विभाग | संबंधित संस्थान/विभाग |
| 06 जुलाई 2026 | देश भक्ति गीत, लोक नृत्य | अपराह्न 2 बजे से सांय 4:30 बजे तक | स्टूडेन्ट कांउसिल एवं हॉबी क्लब | वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह |
| 07 जुलाई 2026 | काव्य लेखन एवं निबंध लेखन | पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 4 बजे तक | स्कूल आफ लैंग्वेजेज | स्कूल आफ लैंग्वेजेज |

निवेदक : राकेश कुमार मिश्र, कुलसचिव, छ.शा.जी.म. विश्वविद्यालय, कानपुर



# 01 जुलाई 2026
# रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता



मछत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, के स्कूल ऑफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स में माननीय कुलपति विनय कुमार पाठक सर के महानीय मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले 41 वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत रंगोली, पेंटिंग व स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों केसाथ साथ विश्वविद्यालय से जुड़े महाविद्यालयों के लगभग 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला के माध्यम से मां बेटी के अटूट रिश्ते के साथ साथ परिवार,समाज व राष्ट्र निर्माण में बेटियों के महत्व व उनकी सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने कैनवास और रंगों के माध्यम से माँ बेटी, पढ़े बेटी बढ़े बेटी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर प्रेरणादायक कलाकृतियां व रंगोलियां बनाईं।

स्कूल ऑफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स, विभाग के निदेशक, डॉ0 मिठाई लाल ने दीक्षोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता की समन्वयक सुश्री प्रिया मिश्रा ने इसे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक श्री जीऊत बली यादव ( सह निदेशक) , श्री विनय सिंह ( सह निदेशक) , डॉ0 राज कुमार सिंह व निर्णायक मंडल के सदस्य व प्रतिभागी उपस्थित रहे।





# 1 जुलाई 2026

# पारंपरागत खेल प्रतियोगिता (खो-खो, कबड्डी एवं रस्साकशी)





छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित "पारंपरिक खेल-2026" का सफल आयोजन एकलव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में खो-खो, कबड्डी एवं रस्साकशी का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक खेलों का संरक्षण एवं युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना रहा। खो-खो एवं कबड्डी दोनों प्रतियोगिताओं में सीएसजेएम विश्वविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार यादव, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ. निमिषा सिंह कुशवाहा सहित सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन भारतीय खेल संस्कृति, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने की दिशा में विश्वविद्यालय की एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।



# 3 जुलाई 2026

# महिला सम्मेलन / शैक्षिक विषयों पर सेमिनार



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के 41वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत दिनांक 03 जुलाई, 2026 को स्कूल ऑफ आर्ट्स, ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज़ द्वारा "परंपरा और प्रगति : आधुनिक युग में नारी" विषय पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा पचौरी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. बनदेव कुमारी सिंह (बिंदु सिंह) एवं डॉ. अनीता निगम ने महिला सशक्तिकरण, वित्तीय साक्षरता, आत्मनिर्भरता तथा भारतीय संस्कृति और आधुनिकता के समन्वय पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार मिश्रा, प्रो. संदीप कुमार सिंह एवं डॉ. पूजा सिंह ने भी महिलाओं की शिक्षा, आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण पर विचार रखे। इस अवसर पर NSPC-2026 "Sowing to Growing" के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए उत्पादों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुति में मनोविज्ञान विभाग की सुष्मिता के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनमोल शेखर श्रीवास्तव एवं सुश्री अंजलि सचान ने किया तथा अंत में डॉ. उर्वशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।







# 4 जुलाई 2026
# भाषण प्रतियोगिता

माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा 9 जुलाई 2026 को होने वाले दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित दीक्षोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 4 जुलाई 2026 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था "युवाओं की दृष्टि में विकसित भारत 2047"। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्षा डॉ0 तनुजा भट्ट जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाते हैं जिससे विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक अभिव्यक्ति के अवसर प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ0 कल्पना अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को निरंतर ऐसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों तथा संबद्ध महाविद्यालयों से विद्यार्थियों ने सहभागिता की। उक्त प्रतियोगिता में कुल 148 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन डॉ0 रत्नर्त्तु: मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक तथा शोधार्थी उपस्थित रहे।











# 06 जुलाई 2026

# एलुमनाई टॉक






Under the visionary guidance  of the honourable Vice- chancellor Prof. Vinay Kumar Pathak Sir the School of Languages, Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur, successfully organized an *Alumni Talk* on *Monday, July 6, 2026, at 11:00 a.m.*

The esteemed alumna, *Prof. Nivedita Tandon* retired from DGPG College, Kanpur, delivered an inspiring address, sharing her academic journey and valuable insights on higher education, research, and career development. She encouraged students to pursue academic excellence with a tech oriented life long learning.

The session was highly interactive, with students and faculty members actively engaging in discussions. The programme started with the welcome note delivered by the Director SOL, Dr Sarvesh Mani Tripathi.

This Talk provided an excellent platform for academic interaction and strengthened the connection between the University and its distinguished alumni. It concluded with a vote of thanks by Dr. Sumana Biswas.

All the students and the faculty members participated with great enthusiasm.



# 06 जुलाई 2026

# देश भक्ति गीत, लोक नृत्य

दीक्षोत्सव के अंतर्गत लोक संगीत, लोकनाट्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के 41वें दीक्षांत समारोह सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित दीक्षोत्सव-2026 के अंतर्गत आज वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में लोक संगीत, लोकनाट्य (अभिनय) एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स काउंसिल एवं हॉबी क्लब काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने लोक संगीत, लोकनाट्य एवं समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं एवं राष्ट्रीय एकता का प्रभावी संदेश दिया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों, समन्वयकों, आयोजकों एवं स्वयंसेवकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना
















# 07 जुलाई 2026
# काव्य लेखन एवं निबंध लेखन

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के 41वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में 07 जुलाई 2026 को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा निबंध एवं काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय तथा विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के निदेशक डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी ने निर्णायक मंडल के सदस्यों का सम्मान कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के विकास में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का मूल्यांकन बाह्य निर्णायक प्रो. राजेश तिवारी एवं डॉ. प्रदीप कुमार तथा आंतरिक निर्णायक डॉ. दीक्षा अवस्थी एवं डॉ. सुमित कुमार चौधरी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. श्रीप्रकाश ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र तथा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रभात गौरव मिश्रा सहित विभाग के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





**निबंध लेखन प्रतियोगिता:**

प्रथम स्थान: विभा यादव

द्वितीय स्थान: आयुष पटेल

तृतीय स्थान: अंशिका प्रजापति

**काव्य लेखन प्रतियोगिता:**

प्रथम स्थान: ईशा सिंह

द्वितीय स्थान: सौरभ सिंह 'कौशिक'

तृतीय स्थान: पार्थ सारथी मिश्रा

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC | Recognised as Category 1 University By UGC, MHRD | QS ASIAN UNIVERSITY RANKINGS ASIA 2025 : SOUTHERN ASIA | 40 दीक्षान्त समारोह



**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति

**प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी**
प्रति कुलपति

**श्री अशोक कुमार त्रिपाठी**
वित्त अधिकारी

**श्री राकेश कुमार मिश्र**
कुलसचिव

**डा. प्रवीन कटियार**
समन्वयक

**प्रो. अंशु यादव**
छात्र कल्याण अधिष्ठाता